प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.06.2024 **1800 बजे**

नीट परीक्षा

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो सी.बी.आई. ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में एफ.आई.आर. दर्ज की है। ब्यूरो के सूत्रों के मुताबिक, यह एफ.आई.आर. शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज की गई है। व्यापक जांच और बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए ब्यूरो द्वारा इस मामले में देश भर में दर्ज मामलों को भी अपने हाथ में लेने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय ने पिछले कल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए सी.बी.आई. को सौंप दिया था।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के निर्माणाधीन नागरिक अस्पताल डाडासीबा का आज निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में ये अस्पताल 50 बिस्तर का बनाया जा रहा है और दूसरे चरण में इसकी क्षमता 100 बिस्तर तक बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने को विशेष प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि हाल ही में प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 2 सौ पद भरने का निर्णय लिया गया है।

जगत सिंह

जनजातीय विकास व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 को जनजातीय जिलों में तत्काल प्रभाव से लागू करेगी। किन्नौर जिले के नाको में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इससे उपेक्षित वर्गों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी व कर्मचारी तय समय में कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान जगत सिंह नेगी ने जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

शूलिनी मेला

सोलन में चल रहे राज्यस्तरीय शूलिनी मेले का आज अंतिम दिन है। मेले के तीसरे व अंतिम दिन आज लोगों के आकर्षण के लिए खेल प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने मेले के अवसर पर आयोजित हैल्दी बेबी शो के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। स्वास्थ्य मंत्री ने पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित रस्सा–कस्सी प्रतियोगिता के समापन समारोह की भी अध्यक्षता की।

किसान मोर्चा

प्रदेश भाजपा व किसान मोर्चा ने सेब कार्टन बॉक्स पर जीएसटी 18 से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश पर केन्द्र सरकार का आभार जताया है। पार्टी नेता व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा और भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव देष्टा ने कहा कि प्रदेश में सेब कार्टन बॉक्स की कीमत कम होने से लाखों बागवानों को राहत मिल सकती है। इन नेताओं ने उम्मीद जताई कि आगामी बजट में इस संबंधी निर्णय लागू हो जाएगा। उन्होंने ये भी उम्मीद जताई कि आगामी समय में भी केन्द्र सरकार हिमाचल के हितों का ध्यान रखेगी।

जयंती

प्रदेश के 6 बार के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की आज जंयती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को खुशहाल और आधुनिक राज्य बनाने के लिए वीरभद्र सिंह के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को याद किया।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा जिले के प्रसिद्ध शक्ति स्थल भलेई माता मंदिर परिसर में आज नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस भवन के बनने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को रहने की अतिरिक्त व्यवस्था उपलब्ध हुई है।

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए है। प्रदेश में हो रही प्री–मॉनसून बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में अभी भी लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के

अनुसार प्रदेश में अगले दो से तीन दिन तक गरज के साथ वर्षा होने का अनुमान है, वहीं 28 जून तक प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने की संभावना जताई गई है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कार्यक्रम 30 जून को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सुझाव मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1945–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में भेजे जा सकते हैं। मन की बात के इस अंक के लिए सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद मन की बात रेडियो कार्यक्रम का यह एक सौ ग्यारहवां अंक है।

....